कार्यालय राजकीय कन्या महाविद्यालय श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.

E-mail -ggcshrimadhopur@gmail.com Mobile No. 9799134216

क्रमांकःराज.क.महा.श्रीमा./2023–24/ दिनांक :

प्रेस–नोट

महाविद्यालय स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में रुचिका रही प्रथम

राजकीय कन्या महाविद्यालय श्रीमाधोपुर में राजस्थान सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान राजस्थान मिशन 2030 के तहत महाविद्यालय स्तर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें स्नातक प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में कक्षावार प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाली विजेत्री छात्राओं ने महाविद्यालय में प्रथम स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा की। भाषण का विषय '2030 में कैसा होगा मेरा राजस्थान जिसके लिए समय अवधि 5 मिनट निर्धारित थी। प्रतियोगिता के संयोजक एवं प्राचार्य कुलदीप सिंह ने बताया कि महाविद्यालय के प्रथम वर्ष में अध्ययनरत छात्रा रुचिका सेवदा ने महाविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। छात्रा 8 सितंबर को जिला नोडल महाविद्यालय, सेठ नन्द किशोर पटवारी राजकीय महाविद्यालय, नीमकाथाना पर होने वाली जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेगी। ज्ञातव्य है कि मंगलवार को आयोजित हुए प्रथम चरण मे बीए प्रथम वर्ष की छात्रा रुचिका सेवदा ने प्रथम स्थान एवं हेमलता कुमावत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया था स्नातक द्वितीय वर्ष में रितु वर्मा प्रथम स्थान पर रिंकू द्वितीय स्थान पर एवं पलक कुमावत तृतीय स्थान पर रही थी।

प्रतिलिपि सूचनार्थ :–
श्रीमान सम्पादक
1.दैनिक भास्कर
2.दैनिक नवज्यात‍ि
3.राजस्थान पत्रिका
4.पंजाब केसरी

प्राचार्य/प्रभारी अधिकारी
राजकीय कन्या महाविद्यालय,श्रीमाधोपुर
सीकर